- **सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास वृद्धि**
- **ड्यूटी के दौरान मानसिक संतुलन बनाए रखना**
- **ध्यान एवं योगासन का व्यावहारिक अभ्यास**
- **चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्यक्षमता बढ़ाने के उपाय**
- **स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने हेतु जागरूकता**

### *प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया*

कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों ने प्रशिक्षण सत्र को **अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।** प्रशिक्षण के दौरान योग एवं ध्यान के माध्यम से तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने तथा दैनिक जीवन में नियमित योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया गया।

### *भविष्य की कार्ययोजना :*

कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा भविष्य में भी पुलिसकर्मियों हेतु समय-समय पर मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। **यूपी-112, यातायात एवं फील्ड ड्यूटी** में तैनात पुलिसकर्मियों को नियमित योग एवं प्राणायाम सत्रों से जोड़ा जाएगा। पुलिस बल की कार्यक्षमता एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने हेतु **विशेषज्ञों** द्वारा जागरूकता **कार्यशालाओं** का आयोजन किया जाएगा।

**तनावमुक्त एवं स्वस्थ** कार्य **वातावरण विकसित** करने के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों को **नियमित परामर्श** एवं **प्रेरणात्मक सत्र** उपलब्ध कराए जाएंगे। पुलिसकर्मियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण हेतु कमिश्नरेट स्तर पर **विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर संचालित** किए जाएंगे।

### *निष्कर्ष :*

**“पुलिसकर्मियों की ड्यूटी अत्यंत चुनौतीपूर्ण होती है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।”**

*- पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ*

*“आपकी सुरक्षा, हमारी प्रतिबद्धता”*

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-760**
**दिनांक-10.05.2026**

## जोन-पश्चिमी/थाना-नाका

➢ **विगत 04 वर्ष से पलायित नाबालिग बालिका को थाना नाका हिण्डोला पुलिस टीम द्वारा सकुशल किया गया बरामद।**

**01-कार्यवाही-**

दिनांक 10.05.2026 को थाना नाका हिण्डोला पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा/पलायित नाबालिग बालिकाओं की तलाश एवं बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए थाना नाका हिण्डोला पर पंजीकृत मु0अ0सं0-180/22 धारा 363 भादवि से संबंधित विगत लगभग 04 वर्ष से पलायित नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया गया है। बरामद बालिका को हरिजन कॉलोनी, जनपद दतिया, मध्य प्रदेश से पुलिस टीम द्वारा खोजबीन एवं सतत प्रयासों के उपरांत बरामद किया गया। बरामदगी के उपरांत बालिका को नियमानुसार संरक्षण में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**02-घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

वादी मुकदमा श्री अजय प्रकाश पुत्र स्व0 श्री प्रेम दत्त, मंत्री श्रीमद् दयानन्द बाल सदन, मोतीनगर, लखनऊ द्वारा थाना नाका हिण्डोला पर लिखित सूचना दी गई थी कि दिनांक 02.09.2022 को बाल सदन में निवासरत एक नाबालिग बालिका अचानक बिना बताये कहीं चली गई थी। काफी खोजबीन के बावजूद बालिका का कोई पता न चलने पर थाना नाका हिण्डोला पर मु0अ0सं0-180/22 धारा 363 भादवि पंजीकृत किया गया था।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना नाका हिण्डोला पुलिस टीम द्वारा लगातार विभिन्न माध्यमों से तलाश एवं सूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर हरिजन कॉलोनी, दतिया (मध्य प्रदेश) में दबिश देकर नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामदगी के उपरांत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

**03-पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0स0- 180/22 धारा 363 भादवि थाना नाका हिण्डोला लखनऊ

**04-गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1- प्रभारी निरीक्षक श्री अभिनव कुमार वर्मा थाना नाका हिण्डोला कमिश्नरेट लखनऊ
2- व0उ0नि0 अवधेश कुमार यादव थाना नाका हिण्डोला कमिश्नरेट लखनऊ
3- उ0नि0 कुलदीप सिंह थाना नाका हिण्डोला कमिश्नरेट लखनऊ
4- उ0नि0 उपेन्द्र सिंह थाना नाका हिण्डोला कमिश्नरेट लखनऊ
5- म0का0 रजिया बानों थाना नाका हिण्डोला कमिश्नरेट लखनऊ

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-761**
**दिनांक-10.05.2026**

## जोन-दक्षिणी/थाना-मोहनलालगंज

➢ **कूट रचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाला 01 शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-संक्षिप्त विवरण-**

थाना मोहनलालगंज पर दिनांक 11.12.2025 को शिकायतकर्ता समीर मिर्जा पुत्र स्व0 कैसर मिर्जा निवासी ख्यालीगंज, थाना कैसरबाग, लखनऊ द्वारा मु0अ0सं0 497/25 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया था। वादी द्वारा आरोप लगाया गया कि उनकी पैतृक संपत्ति गाटा संख्या 236/282/352/655/682/684/690 आदि, स्थित ग्राम अमेठी तहसील मोहनलालगंज जनपद लखनऊ, पर फरीद मिर्जा व अन्य द्वारा कूटरचित एवं फर्जी दस्तावेज तैयार कर अवैध कब्जा एवं धोखाधड़ी के माध्यम से उक्त भूमि पर अपना दावा किया जा रहा है तथा हड़पने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रकरण की विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि अभियुक्त मो0 फरीद मिर्जा पुत्र मो0 खालिद ने स्वयं को वादी के स्व0 चाचा खुसरू मिर्जा का वारिस दर्शाते हुए न्यायालय में दावा प्रस्तुत किया था, जबकि जांच में प्रस्तुत दस्तावेज फर्जी एवं कूटरचित पाए गए। विवेचना में यह भी तथ्य सामने आया कि उक्त कार्य सुनियोजित आपराधिक षड्यंत्र के तहत अन्य साथियों के साथ मिलकर किया गया। जांच के दौरान अभियुक्त मो0 अशफाक मिर्जा उर्फ बाबू मियां, का नाम प्रकाश में आया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में दिनांक 09.05.2026 को थाना मोहनलालगंज पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त मो0 अशफाक मिर्जा उर्फ बाबू मियां पुत्र स्व0 हैदर मिर्जा निवासी 155/324 महेश प्रसाद स्ट्रीट, मौलवीगंज, थाना अमीनाबाद, लखनऊ उम्र करीब 67 वर्ष को समय करीब 17.45 बजे बाम्बे इलेक्ट्रिक्स की दुकान अकबरीगेट नखखास चौक से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त अशफाक मिर्जा द्वारा बताया गया कि वह मो0 फरीद मिर्जा का रिश्तेदार है तथा वह फरीद मिर्जा के कहने पर विभिन्न दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करता था। अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि उसके नाम से बैंक खाता खुलवाया गया तथा कई दस्तावेजों एवं बैंक संबंधी कार्यवाहियों में उसका उपयोग किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा मो0 फरीद मिर्जा,एवं अन्य व्यक्तियों के संपर्क में रहकर उनके कहने पर न्यायालय एवं बैंक संबंधी कार्यों में सहयोग करने की बात स्वीकार की गई। इस प्रकरण का मुख्य अभियुक्त मो0 फरीद मिर्जा न्यायिक अभिरक्षा में निरुद्ध है, अन्य अभियुक्तों के सम्बन्ध में गहनता से विवेचना की जा रही है।

**03-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.मो0 अशफाक उर्फ बाबू मियां पुत्र स्व0 हैदर मिर्जा उम्र करीब 67 वर्ष निवासी म0नं0 155/324 महेश प्रसाद स्ट्रीट मौलवीगंज थाना अमिनाबाद जनपद लखनऊ

**04-अनावरित अभियोग का विवरण-**

1.मु0अ0सं0 497/25 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएसथाना मोहनलालगंज लखनऊ ।

**05-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

- कोतवाली मोहनलालगंज पुलिस टीम, कमिश्नरेट लखनऊ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-758**
**दिनांक-10.05.2026**

## जोन- पश्चिमी/ थाना-काकोरी

- **काकोरी पुलिस टीम द्वारा अवैध रुप से शराब की बिक्री करने वाले 02 नफर शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से 35 अदद देशी शराब 200 ML विंडीज पाऊच बरामद।**

**01-संक्षिप्त विवरण –**




दिनांक 10.05.2026 को उ0नि0 अंकित यादव मय हमराह का0 अजीत कुमार, का0 गौरव भदौरिया, का0 अमित बाबू के साथ देखभाल संदिग्ध वाहन व्यक्ति/वस्तु, शान्ति सुरक्षा व्यवस्था व अवैध शराब बिक्री रोकथाम में दुर्गागंज चौराहा के पास मामूर था कि पीआरवी 6378 से सूचना प्राप्त हुई कि शीतला माता मन्दिर कस्बा काकोरी के पास एक व्यक्ति खुले में शराब बेंच रहा है। उक्त सूचना पर उ0नि0 उपरोक्त मय हमराह फोर्स के मौके पर पहुंचे तो देखा कि देशी ठेका हाता हजरत साहब के पास दो व्यक्ति अवैध रूप से देशी शराब बेच रहे हैं कि एक बारगी दबिश देकर दो व्यक्तियों को 35 अदद देशी शराब 200 ML विंडीज पाऊच के साथ समय 09.10 बजे अभियुक्तगण 1.राम कुमार कश्यप पुत्र स्व0 ईश्वरदीन निवासी बरगदतला थाना काकोरी जनपद लखनऊ उम्र करीब 51 वर्ष 2.रवि कुमार रावत पुत्र लालता प्रसाद निवासी शेखसादी मोहल्ला कस्बा काकोरी जनपद लखनऊ उम्र करीब 25 वर्ष को पकड़ लिया पकड़े गये व्यक्तियों से शराब बेचने के सम्बन्ध में लाईसेंस तलब किया गया तो दिखाने से कासिर रहे अभियुक्तगण राम कुमार कश्यप व रवि कुमार रावत उपरोक्त को गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 164/2026 धारा 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**02-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. राम कुमार कश्यप पुत्र स्व0 ईश्वरदीन निवासी बरगदतला थाना काकोरी जनपद लखनऊ उम्र 51 वर्ष
2. रवि कुमार रावत पुत्र लालता प्रसाद निवासी शेखसादी मोहल्ला कस्बा काकोरी जनपद लखनऊ उम्र 25 वर्ष

**03-बरामदगी का विवरण:-**

- 35 अदद देशी शराब 200 ML विंडीज पाऊच

**04-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 श्री अंकित यादव थाना काकोरी कमिश्नरेट लखनऊ।
2. का0 अजीत कुमार थाना काकोरी कमिश्नरेट लखनऊ।
3. का0 गौरव भदौरिया थाना काकोरी कमिश्नरेट लखनऊ।
4. का0 अमित बाबू थाना काकोरी कमिश्नरेट लखनऊ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-762**

**दिनांक-10.05.2026**

## जोन-पूर्वी/थाना-गोमतीनगर विस्तार

- **थाना गोमतीनगर विस्तार पुलिस टीम द्वारा शालीमार लखनऊ के पास से एल्युमिनियम की स्ट्रीट लाईट पोल चोरी करने वाले 02 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद एल्युमिनियम की स्ट्रीट लाईट पोल (कीमत लगभग 25,000 रूपये) बरामद।**

### 01-संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 07.05.2026 को वादी मुकदमा श्री सुमन्त सिंह प्रमुख सुरक्षा अधिकारी शालीमार कॉर्प लिमिटेड थाना गोमतीनगर विस्तार लखनऊ के द्वारा पुलिस को तहरीरी सूचना दी गई कि विपक्षीगण द्वारा शालीमार वन वर्ड के स्टील यार्ड से 72 स्टील के पोल की चोरी कर लेने के सम्बन्ध में दिया गया था।




उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 86/2026 धारा 305(a) बीएनएस थाना गोमतीनगर विस्तार लखनऊ बनाम बाइस्तव व अज्ञात सहयोगी के पंजीकृत किया गया।

उक्त प्रकरण की विवेचनात्मक कार्यवाही एवं अभियुक्तगणों की तलाश सुरागरसी-पतारसी के क्रम में उक्त मुकदमें के अभियुक्तगण अंजीत रावत पुत्र राकेश रावत निवासी-ग्राम बाघामऊ थाना गोमतीनगर विस्तार लखनऊ उम्र करीब 23 वर्ष व शोभित यादव पुत्र महेश यादव निवासी-ग्राम बाघामऊ लखनऊ उम्र करीब 19 वर्ष के कब्जे से 01 अदद एल्यूमिनियम स्ट्रीट लाईट पोल को बरामद करते हुए आज दिनांक 10.05.2026 को समय रात्रि करीब 00.50 बजे- बंधा रोड, बाघामऊ गोमतीनगर विस्तार लखनऊ से अभियुक्त अंजीत रावत व शोभित यादव उपरोक्त को गिरफ्तार करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है एंव घटना मे प्रयुक्त 01 अदद वाहन संख्या-UP32QX9153 का धारा 207 एमबी एक्ट में दाखिल किया गया व मुकदमा उपरोक्त में बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना से साक्ष्य प्राप्त हुए है कि मुकदमें में भागे हुए अभियुक्तगणो अंशु राजपूत, कुनाल कश्यप, आर्यन कश्यप, पवन गौतम, आयुष यादव, प्रिन्स कश्यप, रमन व अभियुक्तगण उपरोक्त के द्वारा 72 स्टील के पोल चोरी किये है व उन्हे कबाड़ियों के यहां बेंच दिया गया है जिसमें से अभियुक्तगण अंशु राजपूत, कुनाल कश्यप, आर्यन कश्यप, पवन गौतम, आयुष यादव, प्रिन्स कश्यप, रमन को वांछित किया गया है तथा कबाडी के सम्बन्ध मे अकब से जानकारी कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी।

**02-पंजीकृत अभियोग (अनावरित अभियोग)-**

1.मु0अ0सं0-086/2026 धारा-305(a) /317(2) बीएनएस थाना गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ

**03-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. अंजीत रावत पुत्र राकेश रावत निवासी-ग्राम बाघामऊ थाना गोमतीनगर विस्तार लखनऊ उम्र करीब 23 वर्ष
2. शोभित यादव पुत्र महेश यादव निवासी-ग्राम बाघामऊ जनपद लखनऊ उम्र करीब 19 वर्ष

**04-बरामदगी का विवरण-**

- 01 अदद एल्यूमिनियम स्ट्रीट लाईट पोल

**05 आपराधिक इतिहास अंजीत रावत**

1-मु0अ0सं0 140/2023 धारा 376/377/384 भादवि व 66 E IT ACT थाना आलमबाग लखनऊ

**06 आपराधिक इतिहास शोभित यादव**

1-मु0अ0सं0 82/2025 धारा 304(2) बीएनएस गोमतीनगर विस्तार लखनऊ

**07-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री मिथिलेश सिंह थाना गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ (विवेचक)
2. उ0नि0 श्री गौरीशंकर चौबे थाना गोमतीनगर विस्तार लखनऊ।
3. उ0नि0 श्री संदीप कुमार थाना गोमतीनगर विस्तार लखनऊ।
4. का0 रविन्द्र कुमार थाना गोमतीनगर विस्तार लखनऊ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-757**
**दिनांक-10.05.2026**

## जोन-पूर्वी/थाना-चिनहट

- **थाना चिनहट पुलिस टीम द्वारा यातायात व्यवस्था के दौरान यातायात आरक्षी के साथ दुर्व्यवहार करने व आरक्षी को कार रोकने के प्रयास के दौरान घसीटने वाला 01 नफर शातिर अभियुक्त कार चालक को गिरफ्तार किया गया।**

**01-सक्षिप्त विवरण-**

थाना चिनहट पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-245/26 धारा 121(1)/109(1) बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त कार KIA Carens नंबर UP32PC4498 का चालक सत्यम वर्मा पुत्र फूल चंद्र वर्मा पता ग्राम शिवदास पुर थाना पूरा कलंदर जिला अयोध्या 22 वर्ष लगभग को जगनपुर ईदगाह से 100 मीटर लखनऊ की तरफ अयोध्या लखनऊ मार्ग थाना रौनाही जिला अयोध्या से गिरफ्तार किया गया। जिसको हिरासत पुलिस में लेकर गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**02-कार्यवाही का विवरण-**

थाना स्थानीय पर दिनांक 10.05.2026 को वादी मुकदमा आरक्षी गौरब बंसल यातायात पुलिस लाइन लखनऊ द्वारा विपक्षी द्वारा सरकारी कार्य में बाधा व वादी की हत्या के उद्देश्य से उसको टक्कर मारने के संबन्ध में मु0अ0सं0-245/26 धारा-121(1)/109(1) बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ बनाम- कार KIA Carens नंबर UP32PC4498 का चालक अज्ञात के पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री मोहित कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है। उच्चाधिकारीगण द्वारा उक्त प्रकरण का तत्काल प्रभाव से संज्ञान में लेकर टीमें गठन की गयी। घटना स्थल का उच्चाधिकारीगण महोदय द्वारा निरीक्षण किया गया। गठित टीम द्वारा अभियुक्त कार चालक सत्यम वर्मा पुत्र फूल चंद्र वर्मा पता ग्राम शिवदास पुर थाना पूरा कलंदर जिला अयोध्या 22 वर्ष को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सत्यम वर्मा उपरोक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**03- गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. सत्यम वर्मा पुत्र फूल चंद्र वर्मा पता ग्राम शिवदास पुर थाना पूरा कलंदर जिला अयोध्या 22 वर्ष

**04-पंजीकृत/अनावरित अभियोग का विवरण-**

01 मु0अ0सं0 245/26 धारा -121(1)/109(1) बीएनएस थाना चिनहट लखनऊ।

**नोट- अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य थाना/इकाई/जनपदों से जानकारी की जा रही है।**

**04- गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री धनंजय कुमार सिंह थाना चिनहट लखनऊ
2. उ0नि0 श्री दीपक कुमार पाण्डेय थाना चिनहट जनपद लखनऊ।
3. उ0नि0 श्री मोहित कुमार थाना चिनहट जनपद लखनऊ.
4. का0 अभिमन्यू चौधरी थाना चिनहट जनपद लखनऊ।
5. का0 प्रदीप तिवारी थाना चिनहट जनपद लखनऊ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

*प्रेस नोट सं0-755*
*दिनांक-10.05.2026*

*जोन- दक्षिणी/ थाना- बिजनौर*

- *थाना बिजनौर पुलिस द्वारा हत्या की घटना का 24 घंटे के अंदर सफल अनावरण।*
- *हत्या करने वाला 01 अभियुक्त व 01 बाल अपचारी गिरफ्तार।*
- *कब्जे से घटना कारित करने वाला एक चापड़ व एक रक्त लगी हुई ईंट बरामद।*

**01-संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 09.05.26 को वादी श्री शुभम गौतम पुत्र स्व रमेश निवासी असरफ नगर थाना बिजनौर लखनऊ, की तहरीरी सूचना पर-

- मु0अ0स0-126/2026 धारा-103 (1) बीएनएस बनाम अज्ञात व्यक्ति, इस आशय का पंजीकृत कराया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के भाई सूरज पुत्र स्व0 रमेश की हत्या की गई है।
- उपरोक्त घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस उपायुक्त, दक्षिणी लखनऊ के निर्देशन में 03 पुलिस टीमें गठित की गयीं। जिनके द्वारा लगभग 50 सीसीटीवी फुटेज, मैनुअल इंटेलीजेंस व इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के आधार पर, गठित टीमों के अथक प्रयास के फलस्वरूप घटना में संलिप्त अभियुक्तों को आज दिनांक 10.05.2026 को समय करीब 02.30 बजे रात्रि को ग्राम रसूलपूर इठुरिया नाले पर बनी पुलिया से 01 अभियुक्त व 01 बालअपचारी को गिरफ्तारी कर उनकी निशादेही पर आला कत्ल चापड़ व ईंट बरामद कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 315 बीएनएस व 4/25 आमर्स एक्ट की बढोत्तरी कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**02-पूछताछ विवरण -**

पकडे गये अभियुक्तों से मुकदमा उपरोक्त में मृतक सूरज की हत्या किये जाने के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो पकडे गये मुख्य अभियुक्त अनिल यादव ने बताया कि मेरी मम्मी सुषमा देवी का सूरज से प्रेम सम्बन्ध करीव 3 साल से था जिसके वारे में मुझे जानकारी थी तथा करीब 2 महीने पहले मैंने सूरज को अपनी मां के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था उस समय लोक लाज की वजह से मैं अपनी मम्मी तथा सूरज से कुछ कह नही पाया था बाद में मैंने सूरज को मना किया था कि तुम मेरे घर मत आया करो, परन्तु सूरज नही माना।

इस बात से मुझे बहुत गुस्सा आया और मैंने प्लान बनाया कि मैं सूरज को जिन्दा नही छोडूंगा सूरज की हत्या करने के लिये मैंने अपने चाचा (नाबालिग बाल अपचारी) के साथ प्लान बनाया।

दिनांक 08.05.2026 को मै और मेरे रिश्ते के चाचा (नाबालिग बाल अपचारी) के साथ एक शादी मे जाना था कि उससे पहले सूरज को बुलाया और उसे पैसे दिये कि जाओ शराब लेकर आओ, सूरज शराब लेने गया। जिसको हम दोनों, मैं व मेरे चाचा ने दारु पीने के बहाने सूरज की ही मोटरसाइकिल पर बैठकर गांव के वाहर आम के बाग के सामने झील के पास पडे खाली प्लाट पर गये थे जहां पर हम लोगों ने बैठकर दारु पी थी योजना के तहत हम लोगो ने सूरज को ज्यादा दारु पिलायी थी

**जब सूरज ज्यादा नशें में हो गया तो मैंने पहले से छुपाकर लाये गये चापड से सूरज के चेहरे पर जान से मारने के इरादे से वार किया तो सूरज ने भागने का प्रयास किया किन्तु ज्यादा नशे में होने के कारण सूरज गिर गया फिर मैंने सूरज को चापड से तथा मेरे चाचा ने ईट से सिर पर तब तक ताबडतोड वार किया जब तक सूरज मर नही गया जब हम दोनों को यकीन हो गया कि सूरज कोई हरकत नही कर रहा है तथा मर चुका है जिसके बाद हम लोगों ने सूरज का मोबाइल उसकी जेब से निकालकर, चापड व खून में सनी ईट को बगल में चरी के खेत में फेंक दिया था और हम लोग वहां से भाग गये थे।**

**प्राथमिक पूछताछ मे यह भी ज्ञात हुआ कि अभियुक्तों ने कपड़े से खून के दाग धुलकर दोबारा वही कपड़े पहन कर शादी मे गये थे जिससे किसी को शक न हो। जब घटनास्थल पर पुलिस आयी थी तब भी हम लोग वहाँ गये थे ताकि किसी को शक न हो।**

**अभियुक्त अनिल कुमार यादव कक्षा 8 तक पढ़ा हुआ है। यह मॉल मे स्वीपर का कार्य करता है। जो बाल अपचारी है वह कक्षा 9 का छात्र है।**

## 03-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01-**अभियुक्त अनिल कुमार यादव पुत्र सुनील कुमार यादव निवासी ग्राम अशरफ नगर थाना बिजनौर जनपद लखनऊ उम्र करीब 22 वर्ष।**

02-**एक नफर बालअपचारी उम्र करीब 17 वर्ष।**

## 05- अनावरित अभियोग का विवरण-

1. मु0अ0स0- 126/26 धारा 103(1) /315 बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बिजनौर लखनऊ।

## 06- बरामदगी विवरण -

**01-**एक अदद चापड (घटना मे प्रयुक्त)

**02-**एक अदद ईंट (घटना मे प्रयुक्त)

**03-**एक अदद आईफोन एप्पल कम्पनी (मृतक सूरज का)

## 08- गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

01. प्रभारी निरीक्षक कपिल गौतम थाना बिजनौर लखनऊ
02. उ0नि0 अभिराम शुक्ला थाना बिजनौर लखनऊ
03. उ0नि0 गजय सिंह, थाना बिजनौर लखनऊ
04. उ0नि0 तेजवीर सिंह, थाना बिजनौर लखनऊ
05. उ0नि0 प्रदीप कुमार, थाना बिजनौर लखनऊ
06. उ0नि0 रविन्द्र कुमार थाना बिजनौर लखनऊ
07. हे0का0 अरुण कुमार सिंह थाना बिजनौर लखनऊ
08. का0 नेमचन्द थाना बिजनौर लखनऊ

01. उ0नि0 श्री मनोज सिंह सर्विलांस सेल दक्षिणी लखनऊ
02. उ0नि0 मनेन्द्र यादव सर्विलांस सेल दक्षिणी लखनऊ
03. हे0का0 बद्री विशाल ति
04. वारी सर्विलांस सेल दक्षिणी लखनऊ
05. हे0का0 मंजीत सिंह सर्विलांस सेल दक्षिणी लखनऊ
06. चालक परमानन्द यादव सर्विलांस सेल दक्षिणी लखनऊ

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-759**

**दिनांक-10.05.2026**

## जोन-पश्चिमी/ थाना- बाजारखाला

## पुरानी रंजिश में युवक को गोली मारने की घटना का सफल अनावरण, मुख्य आरोपी को किया गया गिरफ्तार; हत्या का प्रयास व एससी/एसटी एक्ट सहित संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत

- थाना बाजारखाला क्षेत्र में युवक को गोली मारने की घटना में मुख्य आरोपी गिरफ्तार
- पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी द्वारा की गई फायरिंग, घायल का ट्रामा सेंटर में उपचार जारी
- पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज एवं प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर आरोपी चिन्हित
- घटना के संबंध में संगीन धाराओं एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत
- पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करते हुए विधिक कार्रवाई प्रारंभ
- पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक पुलिस व्यवस्था की गई
- द्वारा नामजद एवं आरोपित किए गए अन्य व्यक्तियों की घटना में संलिप्तता के संबंध में साक्ष्यों के आधार पर गहनता से जांच एवं विवेचना प्रचलित

### 01-कार्यवाही-

दिनांक 09.05.2026 को थाना बाजारखाला क्षेत्रान्तर्गत मेहंदीगंज में चेतन तिवारी नामक व्यक्ति को अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली मारकर भाग जाने की सूचना पर थाना बाजारखाला पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की गई तथा घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन किया गया, जिसमें जानलेवा हमला करने के आरोपी अभियुक्त वैभव बाजपेई उर्फ कौस्तुभ बाजपेई पुत्र संतोष कुमार बाजपेई निवासी मेहंदीगंज थाना बाजारखाला लखनऊ की संलिप्तता प्रकाश में आई।

उक्त के क्रम में पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश देकर अभियुक्त वैभव बाजपेई उर्फ कौस्तुभ बाजपेई को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। साथ ही घटना में प्रयुक्त असलहे की बरामदगी, अन्य नामजद/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं साक्ष्य संकलन की कार्रवाई प्रचलित है। पुलिस द्वारा प्रकरण में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

वादी मुकदमा द्वारा नामजद एवं आरोपित किए गए अन्य व्यक्तियों की घटना में संलिप्तता के संबंध में साक्ष्यों के आधार पर गहनता से जांच एवं विवेचना की जा रही है। प्राप्त तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### 02-संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 09.05.2026 को समय करीब 10.00 बजे देर रात्रि में थाना बाजारखाला पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत मेहंदीगंज में एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी मय पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे।

मौके पर जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि घायल व्यक्ति श्याम चेतन तिवारी पुत्र सुरेश चन्द्र तिवारी निवासी मेहंदीगंज थाना बाजारखाला लखनऊ उम्र करीब 35 वर्ष हैं, जिन्हें तत्काल उपचार हेतु ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है।

घटना के संबंध में घायल की पत्नी मानसी तिवारी उर्फ श्वेता द्वारा थाना बाजारखाला पर तहरीर दी गई, जिसमें मोहल्ले के रहने वाले वैभव बाजपेई उर्फ कौस्तुभ बाजपेई, हर्षित बाजपेई एवं अन्य व्यक्तियों पर पुरानी रंजिश के चलते जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने, घर में घुसकर धमकी देने एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बाजारखाला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

## *03-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-*

1. वैभव बाजपेई उर्फ कौस्तुभ बाजपेई पुत्र – संतोष कुमार बाजपेई उम्र – करीब 25 वर्ष
   निवासी – मेहंदीगंज थाना बाजारखाला लखनऊ
   व्यवसाय-अभियुक्त के पिता नगर निगम में ठेकेदारी का कार्य करते हैं तथा अभियुक्त भी अपने पिता के साथ ठेकेदारी कार्य में सहयोग करता है।

अभियुक्त को पुलिस द्वारा तत्काल गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

## *04-गिरफ्तारी स्थान एवं दिनांक-*

थाना बाजारखाला गेट दिनांक.-10-05-2026

## *05-पूछताछ विवरण -*

घटना के संबंध में गिरफ्तार किये गये अभियुक्त वैभव बाजपेई उर्फ कौस्तुभ बाजपेई पुत्र संतोष कुमार बाजपेई निवासी मेहन्दीगंज थाना बाजारखाला, लखनऊ से पुलिस द्वारा विस्तृत पूछताछ की गई।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसके परिवार एवं घायल चेतन तिवारी के मध्य लंबे समय से आपसी रंजिश एवं विवाद चला आ रहा था।

अभियुक्त द्वारा स्वीकार किया गया कि दिनांक 09.05.2026 को पुरानी रंजिश के चलते उसने चेतन तिवारी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। घटना के दौरान मौके पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति द्वारा घायल को बचाने का प्रयास किया गया, जिस पर अभियुक्त द्वारा उसके ऊपर भी फायर किया गया, हालांकि वह सुरक्षित रहा।

पूछताछ के उपरांत अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा बरामद कर कब्जे पुलिस में लिया गया है। अभियुक्त से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ एवं अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## *06- पंजीकृत अभियोग का विवरण-*

थाना बाजारखाला पर मु0अ0सं0- 91/2026 धारा 109(1), 190, 191(2), 191(3), 333, 352, 351(3) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(v) एससी/एसटी एक्ट बनाम वैभव बाजपेई उर्फ कौस्तुभ बाजपेई व अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।

*07- आपराधिक इतिहास –* अभियुक्त कौस्तुभ बाजपेई उर्फ वैभव बाजपेई पुत्र संतोष कुमार बाजपेई उर्फ सतीश बाजपेई निवासी 346/30 मेहदीगंज थाना बाजारखाला लखनऊ उम्र करीब 24 वर्ष

(1). मु0अ0सं0- 146/2023 धारा 147/323/504/506 भादवि थाना बाजारखाला लखनऊ

(2). मु0अ0सं0- 161/2023 धारा 504/506 भादवि थाना बाजारखाला लखनऊ

(3). नि0का0 संख्या- 04/2024 धारा 3 उ0प्र0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम थाना बाजारखाला

(4). मु0अ0सं0- 254/24 धारा 115(2)/351(2)/352 बीएनएस थाना बाजारखाला लखनऊ

(5). मु0अ0सं0- 267/24 धारा 351(3) बीएनएस थाना बाजारखाला लखनऊ

(6)- नि0का0 संख्या- 01/2025 धारा 3 उ0प्र0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम थाना बाजारखाला

(7). मु0अ0सं0- 61/25 धारा 115(2)/131/351(2)/352 बीएनएस थाना बाजारखाला लखनऊ

(8). मु0अ0स0-91/2026 धारा-109(1)/ 190/ 191(2)/ 191(3)/ 333/ 352/ 351(3) BNS व 3(1)(द)/3(1)(ध)/3(2)(V) SC/ST एक्ट थाना बाजारखाला लखनऊ

**08- बरामदगी विवरण :**

घटना में प्रयुक्त असलहे की बरामदगी एवं अन्य साक्ष्यों के संकलन हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए गए हैं तथा सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर लिया गया है।

**09- गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

01. प्रभारी निरीक्षक थाना बाजारखाला, कमिश्नरेट लखनऊ
02. थाना बाजारखाला पुलिस टीम
03. चौकी/बीट पुलिस टीम एवं अन्य पुलिस बल